प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्रियों के बीच बांटे विभाग, गृह और कार्मिक जैसे प्रमुख विभाग अपने पास रखा, चंपाई सोरेन को उच्च और तकनीकी शिक्षा के साथ जल संसाधन की भी जिम्मेवारी।
2. राज्य सरकार ने विस्थापन आयोग के गठन का लिया फैसला, आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण भी होगा, मंत्रिपरिषद ने प्रस्ताव को दी मंजूरी।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत को ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित।
4. एचईसी मसले पर आज दिल्ली में भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुलायी बैठक, संकट से उबारने पर होगी चर्चा।
5. राज्य में कमजोर पड़ा मानसून, अब तक सामान्य से 50 फीसदी कम हुई बारिश, 12 जुलाई को रांची, गिरिडीह और धनबाद समेत संताल के इलाके में भारी बारिश की चेतावनी।

****

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने नए मंत्रिमंडल में मंत्रियों को विभाग आवंटित कर दिए हैं। गृह, कार्मिक और मंत्रिमंडल सचिवालय जैसे प्रमुख विभाग उन्होंने अपने पास रखा है। इन विभागों के अलावा मुख्यमंत्री के पास वे विभाग भी हैं जो किसी को आवंटित नहीं किए गए हैं।

****

इस बीच राज्य के स्कूली शिक्षा और उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा है कि शिक्षा क्षेत्र के विकास के लिए वे तेजी से काम करेंगे। उन्होंने दावा किया कि तीन महीने में वे बेहतर परिणाम देने का प्रयास करेंगे।

****

इधर, राज्य के पेजयल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि नल जल योजना के माध्यम से प्रदेश के 61लाख घरों तक पीने का साफ पानी पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

****

राज्य सरकार ने विस्थापन आयोग के गठन का निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद कल देर शाम राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में विस्थापितों के लिए अभी तक कोई नीति नहीं थी। इसे देखते हुए ही आयोग बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी विस्थापितों का आर्थिक और समाजिक सर्वेक्षण भी किया जायेगा।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत को प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। ईडी की ओर से इस मामले में कल शीर्ष अदालत में एक याचिका दाखिल की गयी। फिलहाल उच्चतम न्यायालय ने ईडी की याचिका पर सुनवाई के लिए कोई तिथि निर्धारित नहीं की है। इससे पहले श्री सोरेन को जमीन घोटाल मामले में 28 जून को झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का फैसला सुनाया था।

****

इधर, पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने रांची के बरियातु स्थित सेना की जमीन की खरीद–बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत 10 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप गठित कर दिया है।

****

रांची स्थित एचईसी के मसले पर भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी ने आज दिल्ली में एक बैठक बुलायी है। इसमें एचईसी की वर्तमान स्थिति पर चर्चा होगी और इसे तत्काल संकट से उबारने के उपाय ढूंढे जायेंगे। बैठक में एचईसी के प्रभारी सीएमडी, निदेशक और भारी उद्योग मंत्रालय के अधिकारी शामिल होंगे। एचईसी के मसले पर पिछले दिनों रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारी उद्योग मंत्री से मुलाकात की थी और एचईसी को संकट से उबारने का आग्रह किया था।

****

कोडरमा जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र स्थित पुरनाथाम में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। तीनों बच्चे तालाब में नहाने के लिए गए हुए थे, इसी दौरान वे डूब गए। फिलहाल दो बच्चे का शव पानी से निकाल लिया गया है और तीसरे बच्चे की तालाश की जा रही हैं। घटना की सूचना मिलने पर कल देर रात चंदवारा के सीओ घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली।

****

कोडरमा जिले में व्रजपात की घटनाओं को देखते हुए शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को तड़ित चालक लगाने का निर्देश दिया है।

****

राज्य में मानसून एक बार फिर कमजोर पड़ गया है और बारिश नहीं के बराबर हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार राज्य में अब तक सामान्य से 50 फीसदी कम बारिश हुई है। इससे किसानों में मायूसी है और वे खरीफ फसल को लेकर चिंतित हैं। इस बीच मौसम विभाग ने राजधानी रांची, गिरिडीह और धनबाद के अलावा संताल के इलाके में 12 जुलाई को भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विभाग का कहना है कि जुलाई में अच्छी बारिश की उम्मीद है, जिससे बारिश की कमी की भरपाई हो जायेगी।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने हेमंत सोरेन सरकार के विधानसभा में विश्वासमत हासिल करने और मंत्रिमंडल विस्तार की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– हेमंत ने जीता विश्वासमत, चंपाई समेत 11 बने मंत्री।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– बसंत–बादल हटे, इरफान, दीपिका–बैद्यनाथ नये मंत्री।

प्रभात खबर लिखता है– हेमंत ने जीता सदन का विश्वास, 45 विधायकों का मिला साथ, कैबिनेट में बैद्यनाथ, दीपिका और इरफान नये चेहरे।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– हेमंत ने जीता विश्वास मत, चम्पाई भी बने मंत्री।

रांची एक्सप्रेस ने हेमंत कैबिनेट के विस्तार की खबर को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने सुप्रीम कोर्ट में नीट पेपर लीक मामले में हुई सुनवाई की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****